उत्तराखण्ड लोक सेवा आयोग
हरिद्वार

संख्याः–44 / 01 / व.आ. / G-2 / 2023-24 दिनांकः 18 मई 2023

विज्ञप्ति

एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि विज्ञापन सं0–A-2/E-5/DR/FG/2022-23 द्वारा **वन आरक्षी परीक्षा–2022** के लिए दिनांक 21 अक्टूबर 2022 को वन आरक्षी की रिक्तियां विज्ञापित की गयी थी, जिसके अन्तर्गत लिखित (वस्तुनिष्ठ) परीक्षा दिनांक 09 अप्रैल 2023 को आयोजित की गयी है। उक्त विज्ञापन के क्रम में अभ्यर्थियों की शारीरिक अर्हता एवं शारीरिक दक्षता परीक्षा भी आयोजित की जानी है। इस परिप्रेक्ष्य में लिखित (वस्तुनिष्ठ) परीक्षा के प्राप्तांक से निर्मित प्रवीणता सूची के आधार पर श्रेणीवार / उपश्रेणीवार रिक्तियों के लगभग 02 गुना अनुपात में अभ्यर्थियों को सम्मिलित करते हुए शारीरिक अर्हता एवं शारीरिक दक्षता परीक्षा हेतु सूची आयोग की वेबसाईट psc.uk.gov.in पर प्रसारित की गयी है। शारीरिक अर्हता एवं शारीरिक दक्षता परीक्षा आयोजन से सम्बन्धित तिथि एवं अन्य आवश्यक विवरण पृथक से आयोग की वेबसाइट पर प्रसारित किये जायेंगे।

यह भी सूचित किया जाता है कि शारीरिक अर्हता एवं शारीरिक दक्षता परीक्षा तथा अभिलेख सत्यापन के क्रम में अर्ह पाये गये अभ्यर्थियों का लिखित (वस्तुनिष्ठ) परीक्षा के प्राप्तांक से निर्मित प्रवीणता सूची के आधार पर अन्तिम चयन परिणाम घोषित किया जायेगा। तद्क्रम में अभ्यर्थियों के प्राप्तांक अन्तिम चयन परिणाम के पश्चात आयोग की वेबसाइट पर प्रसारित किये जायेंगे। उक्त के आलोक में सूचना के अधिकार अधिनियम के अन्तर्गत प्राप्तांक से सम्बन्धित अनुरोध पत्रों के क्रम में अन्तिम चयन परिणाम से पूर्व कोई सूचना प्रदान नहीं की जायेगी।

Sd/-
(गिरधारी सिंह रावत)
सचिव।